



### एक नजर में

## स्थापना दिवस के आयोजन में निकलेगी रथयात्रा, पूर्व संध्या पर होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम, आर्यिकाद्वय का मिलेगा सानिध्य



**मंदसौर।** श्री पार्श्वनाथ जिनालय आदिनाथ विहार का 18वां स्थापना दिवस दो दिवसीय कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जा रहा है। जिनालय ट्रस्ट की प्रवक्ता डॉ. चंदा भरत कोठारी ने बताया 2 मई को पूज्य आर्यिका समर्थश्री माताजी व सार्थकश्री माताजी के सानिध्य में 2 मई को प्रातः 7 बजे श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा, नित्यपूजन व श्री पार्श्वनाथ मण्डल विधान का आयोजन होगा। शाम 7 बजे मंगल आरती तथा 7.30 बजे से यशोधर्मन मैरिज गार्डन में महिला मंडल व वीर सागर पाठशाला के बच्चों द्वारा धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिनालय ट्रस्ट अध्यक्ष सुमतिलाल जैन व सचिव अरुण हरसोला ने बताया 3 मई रविवार को प्रातः 7.30 बजे आर्यिका द्वय के सानिध्य में जिनालय प्रांगण से रथयात्रा निकलेगी जो मुख्य मार्गों का भ्रमण कर जिनालय पर ही पहुंचेगी, यहां अभिषेक, आरती व माताजी के प्रवचन होंगे। पश्चात 11 बजे सकल दिगम्बर जैन समाज का यशोधर्मन मैरिज गार्डन में स्वामी वात्सल्य होगा। श्री जैन व हरसोला ने सकल दिगम्बर जैन समाजजनों से समस्त कार्यक्रमों में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

## शांति समिति के सदस्यों ने स्वयं आगे बढ़कर स्व-गणना फॉर्म भरा



**मंदसौर।** जनगणना प्रशिक्षण नोडल अधिकारी सत्येंद्र राठौर द्वारा बताया गया कि मंदसौर जिले में जनगणना के प्रथम चरण में जागरूकता की एक प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली। पुलिस कंट्रोल रूम पर शांति समिति के सदस्यों ने स्वयं ने स्वयं आगे बढ़कर स्व-गणना करते हुए अपने मकान सूचीकरण की जानकारी मोबाइल के माध्यम से दर्ज की। यह पहल न केवल प्रशासनिक तत्परता को दर्शाती है, बल्कि आमजन के लिए एक मजबूत संदेश भी देती है कि डिजिटल माध्यम से स्व-गणना करना सरल, सुरक्षित और समय-संरक्षक है। इस अवसर पर अधिकारीयों व शांति समिति के सदस्यों ने नागरिकों से अपील की कि वे भी इस सुविधा का अधिकतम लाभ लें और जनगणना में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। जनगणना प्रशिक्षण नोडल अधिकारी सत्येंद्र राठौर द्वारा स्व-गणना का प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया, जिससे प्रक्रिया को सहज और स्पष्ट रूप से समझाया गया। इस दौरान एसडीएम शिवलाल शाक्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बघेल एवं शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

# सुखों के त्याग और आत्म-कल्याण के मार्ग से ही मोक्ष संभव : आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वरजी



**मंदसौर। अवंतिका पार्श्वनाथ तीर्थ उद्धारक, खरतरगच्छाधीपति परम पूज्य आचार्य भगवंत जिनमणिप्रभसूरीश्वर जी महाराज आदि ठाणा नीमच से विहार करते हुए अल्प प्रवास पर मंगलवार को राजस्थान की पावन धरा प्रतापग? स्थित भगवान चंद्रप्रभु जिनालय पहुंचे। यहां आचार्य भगवंत की पावन निश्रा में भगवान चंद्रप्रभु मंदिर पर भव्य धर्म ध्वजा चढ़ाई गई, जिसमें लाभार्थी परिवार ने ध्वजा फहराने का पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस पावन अवसर पर पूज्य गुरुदेव ने उपस्थित श्रीसंघ के धर्मलुब्ध महानुभावों को अपने ओजस्वी प्रवचन और मंगल पाठ का श्रवण कराया।**

अपने दिव्य प्रवचन में आचार्य श्री ने कहा कि हमारी जन्म-जन्मांतर की यह यात्रा अनंत काल से चल रही है, जिसका न तो कोई अंतिम लक्ष्य दिख रहा है और न ही कोई अंतिम पड़ाव। इस वर्तमान मनुष्य भव से पूर्व भी हम तिर्यंच गति से लेकर नरक गति तक की अनेक योनियों में भ्रमण कर चुके हैं। वास्तव में मनुष्य भव ही वह एकमात्र अवसर है जिसमें जीव पुरुषार्थ कर तीर्थंकर और परमात्मा पद तक पहुँच सकता है। आत्मा का संबंध शरीर से मात्र उसके रहने तक ही है; शरीर से निकल जाने के पश्चात देह का कोई मूल्य नहीं रह जाता। आत्मा शाश्वत है और यही वह तत्व है जो परमात्मा बनने की क्षमता रखता है।

सुख की अभिलाषा पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि संसार में प्रत्येक जीव सुख चाहता है। जहाँ एक संसारी व्यक्ति तिजोरी में रखे धन को ही सुख का आधार समझता है, वहीं एक साधु त्याग में ही सच्चे सुख का अनुभव करता है। सुख की अनुभूति दोनों में हो सकती है, परंतु वास्तविक और स्थायी सुख त्याग की महिमा में ही निहित है। त्यागी पुरुष आत्म-कल्याण के मार्ग पर अग्रसर होकर मोक्षगामी बनता है, जबकि संसारी व्यक्ति भौतिक सुखों और मोह के बंधनों में बंधकर संसार के अंतहीन चक्र में भटकता रहता है। जितने भी तीर्थंकर और परमात्मा हुए हैं, उन सभी ने संसार के वैभव को ठुकराकर और आत्म-कल्याण के पथ पर चलकर ही मोक्ष की प्राप्ति की है।

आचार्य श्री ने बल देते हुए कहा कि इस अनंत संसार यात्रा से मुक्ति पाने के लिए जगत की भौतिक वस्तुओं का मोह छो?ना अनिवार्य है। सच्ची मुक्ति त्याग, तपस्या, साधना और कर्म बंधनों की निर्जरा में ही छिपी है। जिस प्रकार एक यात्री का मार्ग, मंजिल और दिशा निश्चित होती है, उसी प्रकार आत्मा के लिए भी यह तय होना चाहिए कि उसे अंततः कहां जाना है। जीवन का वास्तविक महत्व वस्तुओं के अर्जन में नहीं, बल्कि धर्म और अध्यात्म के मार्ग पर चलकर जीवन के विसर्जन में है। त्याग और आराधना के बल पर आत्मा को परमात्मा के चरणों में विसर्जित करना ही जीवन की सार्थकता है। जो अपनी आत्मा को परमात्मा के स्वरूप में लीन कर देता है, वही मोक्ष का अधिकारी होता है। सांसों का आना-जाना जीवन का क्रम है, परंतु सांसों का थम जाना जीवन का विसर्जन है। हमारी इस लंबी यात्रा का अंतिम उद्देश्य यही होना चाहिए कि हम सिद्ध परमात्मा के चरणों में समर्पित होकर जन्म-मरण के बंधनों से मुक्ति प्राप्त करें। इस अवसर पर प्रतापगढ़ श्री संघ के समस्त गणमान्य महानुभाव उपस्थित थे। उक्त जानकारी देते हुए खरतरगच्छ श्री संघ पूर्व अध्यक्ष कमल कोठारी ने बताया कि आचार्यश्री आज 30 अप्रैल को रतलाम प्रवास पर रहेंगे।

## युवा संगम-रोजगार मेला आज

**मंदसौर। जिला प्रशासन और जिला रोजगार कार्यालय मंदसौर के संयुक्त तत्वाधान में आज 30 अप्रैल को शासकीय आईटीआई परिसर मंदसौर में एक वृहद जिला स्तरीय युवा संगम एवं रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।**

कलेक्टर अदिति गर्ग के निर्देशन में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवाओं को विभिन्न रोजगार एवं कौशल विकास के अवसरों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है. यह मेला प्रातः 10 से दोप. 2 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें तकनीकी और गैर-तकनीकी क्षेत्रों की कई प्रतिष्ठित कंपनियां हिस्सा लेंगी।

इस रोजगार मेले में विभिन्न राज्यों और स्थानीय क्षेत्रों की कुल 10 कंपनियां अपनी रिक्तियों के साथ उपस्थित रहेंगी, जिनके माध्यम से लगभग 500 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। प्रमुख नियोक्ताओं में केस स्किल्स डेवलपमेंट सेंटर, गेल इंस्टीट्यूशन ऑफ स्किल, मदरसन कंपनी, ग्लोबल मैनपावर, एसआईएस लिमिटेड और राजस्थान टेक्सटाइल मिल्स जैसी संस्थाएं शामिल हैं, जो मशीन ऑपरेटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, सुरक्षा गार्ड और प्रोडक्शन जैसे पदों के लिए चयन करेंगी। इसके अतिरिक्त स्थानीय स्तर पर टाटा डीलरशिप, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस और एलआईसी जैसी कंपनियां भी सुपरवाइजर, असिस्टेंट ऑपरेटर और इंश्योरेंस एजेंट जैसे पदों पर युवाओं को अवसर प्रदान करेंगी।

विभिन्न पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 5वीं उत्तीर्ण से लेकर 10वीं, 12वीं, आईटीआई और स्नातक निर्धारित की गई है. कार्यक्षेत्र के अनुसार चयनित युवाओं को मंदसौर, नीमच, इंदौर, देवास, अहमदाबाद और गांधीधाम सहित देश के विभिन्न हिस्सों में नियुक्ति दी जाएगी। प्रशासन ने अधिक से अधिक युवाओं से अपील की है कि वे योग्यता के अनुसार लाभ उठाएं।

**एक नजर** | किसानों से की चर्चा और आधारभूत सुविधाओं के बारे में ली जानकारी

## कलेक्टर अदिति गर्ग ने गेहूं खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण



**मंदसौर। कलेक्टर अदिति गर्ग ने गरोठ रोड स्थित सिद्धि विनायक वेयरहाउस एवं विनायक वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गेहूं खरीदी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, एसडीएम राहुल चौहान अन्य अधिकारी मौजूद थे।**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्लॉट बुकिंग प्रक्रिया एवं वेयरहाउस की भंडारण क्षमता के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक किसानों के लिए स्लॉट बुकिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके।

कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित किसानों से चर्चा कर खरीदी केंद्रों पर उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की जानकारी ली। किसानों ने वेयरहाउस में सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने तोल कांटे की कार्यप्रणाली, गेहूं की गुणवत्ता तथा सर्वेयर द्वारा गुणवत्ता परीक्षण की प्रक्रिया का भी निरीक्षण किया। साथ ही सर्वेयर की प्रशिक्षण व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने वेयरहाउस के अंदर जाकर भंडारित गेहूं का भी निरीक्षण किया।

विनायक वेयरहाउस में राधा स्व सहायता समूह द्वारा संचालित खरीदी कार्य का अवलोकन करते हुए कलेक्टर ने समूह की महिलाओं से चर्चा की। उन्होंने भुगतान प्रक्रिया, मजदूर व्यवस्था एवं वेयरहाउस की क्षमता के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा समूह के कार्यों की सराहना की।

# नीमच


### एक नजर में

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की प्रदेश के 33.45 लाख से अधिक पेंशन हितग्राहियों को 200 करोड़ की पेंशन अंतरित



**नीमच।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने बेवकास्ट के जरिये भोपाल से प्रदेश के 33 लाख 45 हजार 231 हितग्राहियों को 200.71 करोड़ की पेंशन राशि उनके बैंक खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा व सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायणसिह कुशवाह एवं वरिष्ठ विभागीय अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने अपने उदबोधन में इस मौके पर कहा, कि प्रदेश सरकार सभी वर्गो के कल्याण के लिए काम कर रही हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से मानसिक एवं बहु दिव्यांग हितग्राहियों को भी हितलाभ दिलाने का प्रयास किया गया हैं। समाज कल्याण मेलो के माध्यम से भी जरूरतमंद हितग्राहियों को लाभांवित किया जा रहा हैं। नीमच के एनआईसी कक्ष में इस वी.सी.में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, उप संचालक सामाजिक न्याय श्री पराग जैन एवं पेंशन योजनाओं के हितग्राही एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

## नीमच में 31 निर्धन कन्याओं का विवाह : दादी राणी सती की रथ यात्रा भी निकली, प्रतिभोज में पहुंचे हजारों लोग



**नीमच।** शहर में बुधवार, 29 अप्रैल को सामाजिक सरोकार और फिजूलखर्ची रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। सत्य सनातन सामूहिक विवाह सम्मेलन के तहत 31 निर्धन कन्याओं का विवाह पूर्ण सादगी और वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन की शुरुआत सुबह वीर पार्क रोड स्थित माहेश्वरी भवन में वर-वधू और उनके परिजनों के स्वागत सत्कार से हुई। इसके बाद शहर के प्रमुख मार्गों से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण नीमच की सेठानी दादी राणी सती मां रहीं, जो पहली बार सुसज्जित रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलीं। आयोजन समिति के सदस्य कैलाश धानुका, पूर्व नपाध्यक्ष राकेश पप्पू जैन और विवेक मित्तल ने बताया कि यह कार्यक्रम श्री राणी सती दादी मंदिर ट्रस्ट बघाना द्वारा अन्नपूर्णा सेवा न्यास व अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से आयोजित किया गया। शोभायात्रा बघाना स्थित दादी धाम मंदिर परिसर पहुँचने पर वहाँ का वातावरण भक्तिमय हो गया। दोपहर में एक साथ 31 वेदियों पर मंत्रोच्चार के बीच पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहरवासियों और प्रबुद्ध जनों ने शामिल होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। आयोजकों का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ती फिजूलखर्ची को रोकना और जरूरतमंद परिवारों को संबल प्रदान करना था। विवाह के बाद आयोजित विशाल भोजन प्रसादी में हजारों लोगों ने सहभागिता की।

# पैरोल पर आए युवक को तस्कर ने स्कॉर्पियो से कुचला

▶ हालत गंभीर, नीमच में मुखबिरी के शक में किया जानलेवा हमला




**नीमच। जिले के रतनगढ़ थाना क्षेत्र में सिंगोली मार्ग पर कुख्यात तस्कर पप्पू धाकड़ ने पैरोल पर जेल से बाहर आए अशोक धाकड़ पर जानलेवा हमला कर दिया। दरअसल, आरोपी तस्कर ने युवक की बाइक को टक्कर मारी। इसके बाद उसे वाहन से कुचलने की भी कोशिश की। स्कॉर्पियो से टक्कर मारने के बाद अशोक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है।**

पत्नी को ससुराल छोड़कर बाइक से गांव लौट रहे थे जानकारी के मुताबिक, हाथीपुरा निवासी अशोक धाकड़ अपनी पत्नी को ससुराल छोड़कर बाइक से गांव लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे पप्पू धाकड़ और उसके साथियों ने उनकी बाइक को स्कॉर्पियो से टक्कर मार दी और कुचलने की कोशिश की। इस हमले में अशोक के हाथ, पैर और कमर में गंभीर चोटें आई हैं। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

मुखबिरी की शव में जानलेवा हमला किया परिजनों के अनुसार, करीब तीन साल पहले हुए एक विवाद के बाद पप्पू धाकड़ को अशोक पर मुखबिरी का शक था। इसी के चलते वह लगातार अशोक और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा था। घायल के पिता देवीलाल धाकड़ ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पहले भी सुरक्षा की मांग को लेकर थाने में आवेदन दिया गया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी वजह से आरोपियों के हौसले बढ़े और यह हमला हुआ।

वाहन जब्त, आरोपियों की तलाश जारी रतनगढ़ पुलिस ने घटना में इस्तेमाल स्कॉर्पियो वाहन को जब्त कर लिया है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। घायल अशोक का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**पिता बोले-परिवार को जान से मार सकता है आरोपी**-घायल अशोक धाकड़ के पिता देवीलाल धाकड़ ने बताया कि उनका बेटा अपनी पत्नी को ससुराल छोड़कर वापस हाथीपुरा लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में तस्कर पप्पू धाकड़ अपने साथियों के साथ स्कॉर्पियो लेकर आया और अशोक की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में अशोक का हाथ फ्रैक्चर हो गया है और पेट में भी गंभीर चोट आई है। फिलहाल उनका इलाज आईसीयू में चल रहा है। देवीलाल धाकड़ ने आगे बताया कि करीब तीन साल पुराने एक मामले को लेकर विवाद चल रहा है। पप्पू धाकड़ को शक है कि अशोक ने उसकी मुखबिरी की थी। इसी कारण वह लगातार उनके बेटे और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा था।



## नो एंट्री नियम उल्लंघन पर पुलिस ने किए दो भार वाहन जब्त

**नीमच। नगर में 'नो एंट्री' नियमों का उल्लंघन करने वाले ट्रांसपोर्ट संचालकों पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। बुधवार शाम यातायात पुलिस ने श्रीनाथ ट्रांसपोर्ट के बाहर अवैध रूप से खड़े दो भारी वाहनों को जब्त कर लिया। यह कार्रवाई शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव और निर्माणाधीन सड़कों के मद्देनजर की गई है।**

सड़क निर्माण कार्यों को देखते हुए कलेक्टर ने सुबह 9 बजे से रात 11 बजे तक भारी और कमर्शियल वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध (नो एंट्री) लगाया है। इसके बावजूद, शहर के व्यस्त मार्गों पर भारी वाहन बेधड़क चल रहे थे। गांधी वाटिका रोड स्थित सीआरपीएफ मेस के पास संचालित श्रीनाथ ट्रांसपोर्ट पर इन नियमों की धज्जियां उड़ाने का आरोप है।

यातायात थाना प्रभारी सोनू बड़गुजर ने बताया कि ट्रांसपोर्ट संचालक को नियमों का पालन करने के लिए एक दिन पहले ही लिखित नोटिस देकर आगाह किया गया था। इसके बावजूद, बुधवार को भी ट्रांसपोर्ट के बाहर दो ट्रक को खड़ा कर लोडिंग-अनलोडिंग का काम किया जा रहा था। लोगों की शिकायतों के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने सड़क घेरकर खड़े इन अवैध वाहनों को तत्काल जब्त कर थाने पहुंचाया। टीआई बड़गुजर ने स्पष्ट किया कि शादी कार्यक्रमों के कारण व्यस्त मार्गों पर भार वाहनों का खड़ा होना रोकें।

**एक नजर** | चालक फरार ; ट्रैफिक पुलिस ने एक दिन पहले चिपकाए थे जागरूकता के पर्चे

# नीमच में बस ने बुजुर्ग बाइक सवार को कुचला, मौत

**नीमच।** शहर में एक तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। यह घटना बुधवार दोपहर को नीमच सिटी थाना क्षेत्र के भरभड़िया रोड स्थित दर्जी कुई के पास हुई। बस चालक मौके से फरार हो गया।

जानकारी अनुसार मृतक की पहचान जावद के छिपा मोहल्ला निवासी अहमद हुसैन कुरैशी (63) पुत्र मोहम्मद उमर कुरैशी के रूप में हुई है। वे नीमच आ रहे थे, तभी सामने से आ रही सैय्यद बस के चालक ने लापरवाही और तेज गति से वाहन




चलाते हुए उन्हें चपेट में ले लिया।

**इलाज के दौरान हुई मौत**- टक्कर इतनी भीषण थी कि अहमद हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने उन्हें तत्काल श्रीराम अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया है। पुलिस ने बस को जब्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश जारी है।

**परिवहन और यातायात विभाग ने बस ड्राइवरों पर किया था जागरूक**-यह हादसा उस समय हुआ है जब ठीक एक दिन पहले मंगलवार को ही परिवहन और यातायात विभाग ने संयुक्त रूप से 'राहवीर योजना' के तहत प्राइवेट बस स्टैंड पर बसों में पोस्टर चस्पा कर चालकों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक किया था। इस योजना का उद्देश्य सड़क हादसों में घायलों की मदद करना और सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करना था।

हालांकि, इस घटना में बस चालक ने घायल की सहायता करने के बजाय मौके से फरार होकर अभियान के उद्देश्यों का उल्लंघन किया। जिले में निजी बसों की अनियमितता, बिना फिटनेस के वाहनों का चलना और ओवरस्पीड पर प्रभावी कार्रवाई न होना चिंता का विषय बना हुआ है।